वर्ष-9 | अंक 27 | 24 फरवरी से 02 मार्च 2025 तक पृष्ठ-12 MPHIN/2015/63623

# न्यूज क्राइम फाइल

आमंत्रण मुल्य 15/-

ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।

### पीएम मोदी बोले- एमपी के युवा एथलीट का प्रदर्शन शानदार

## मन की बात में कहा- भारत का स्पोर्टिंग फ्यूचर प्रतिभावान पीढ़ी के हाथ में




उदय प्रताप सिंह चौहान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 119वें एपिसोड में स्पेस सेक्टर और नारी शक्ति का जिक्र किया। इसके साथ ही, उन्होंने खेलो इंडिया पर भी चर्चा की। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के युवा एथलीट देव मीणा की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश के युवा एथलीट देव मीणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोल वॉल्ट स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। 19 वर्षीय देव ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से यह साबित कर दिया कि भारत का खेल भविष्य अत्यंत उज्ज्वल और संभावनाओं से भरपूर है। देव मीणा जैसे युवा खिलाड़ी देश को नई उम्मीदें दे रहे हैं और खेलों में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा, पीएम ने राष्ट्रीय खेलों में बने अन्य नए रिकॉर्ड का भी जिक्र किया, जिनमें हिमाचल प्रदेश के सावन और महाराष्ट्र के किरण मात्रे जैसे खिलाड़ियों ने देश को गौरवान्वित किया।

**उत्तराखंड नेशनल गेम्स में देव मीणा ने बनाया था रिकॉर्ड**

मध्य प्रदेश के खातेगांव तहसील के छोटे से गांव सिल्फोड़खेड़ा के 19 साल के देव मीणा ने 13 दिन पहले ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। उन्होंने 5.32 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड तमिलनाडु के सुब्रमणि शिवा (5.31 मीटर, नेशनल गेम्स 2022) के नाम था। मध्य प्रदेश को अब तक कुल 58 पदक मिल चुके हैं।

**ट्रेनिंग के छह महीनों के भीतर जीता मेडल**

मध्य प्रदेश के देवास जिले के खातेगांव के निवासी पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव मीणा के पिता, जगदीश पटेल एक मझोले किसान हैं और उनकी मां गृहिणी हैं। बचपन से ही खेलों में रुचि रखने वाले देव ने स्कूल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके ताऊजी, एडवोकेट आर.एस. मीणा ने उन्हें ट्रेनिंग के लिए भोपाल भेजा। शुरुआत में वे स्प्रिंट रेस की तैयारी कर रहे थे, लेकिन 2020 में टैलेंट सर्च के जरिए उनका चयन मध्य प्रदेश एथलेटिक्स अकादमी में हुआ। कोच घनश्याम यादव ने उनकी कूदने की क्षमता को देखते हुए उन्हें पोल वॉल्ट की ट्रेनिंग दिलवाई। मात्र छह महीनों में ही उन्होंने 4.60 मीटर की छलांग लगाकर राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीता।

**देव पहले प्रदेश के लिए जीत चुके पदक**

■देव ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।

■भुवनेश्वर में 27वीं सीनियर नेशनल फेडरेशन चैम्पियनशिप में 5.10 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता।

■दुबई में 21वीं एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (अंडर-20) में कांस्य पदक जीता। यह पोल वॉल्ट में मध्यप्रदेश के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय पदक था।

**अब एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्राथमिकता**

देव का कहना है कि एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 5.51 मीटर की क्वालिफाइंग छलांग जरूरी है। वे अभी 19 सेमी पीछे हैं। आने वाले ईवेंट में इसे हासिल कर एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वॉलिफाई करना उनकी प्राथमिकता है। बता दें उत्तराखंड के देहरादून 38वां राष्ट्रीय खेल 2025 हो रहा है।

**पीएम बोले- बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया की देन**

पीएम मोदी ने मन की बात में कहा, हमारे बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं। हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे या आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, सबने देश को नई उम्मीदें दी हैं। उत्तर प्रदेश के जैवलिन थ्रोअर सचिन यादव और हरियाणा की हाई जंपर पूजा और कर्नाटक की स्विमर धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में टीनएज चैंपियंस, उनका नंबर, हैरान करने वाला है।

दिल्ली के शालीमार बाग से @BJP4Delhi की विधायक बहन श्रीमती @gupta_rekha जी को दिल्ली विधायक दल की नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई।

गोपाल भार्गव -विधायक रहली, पूर्व मंत्री

### एमपी के मंत्री-विधायकों के साथ मोदी की बैठक

# कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राउंड टेबल पर बैठे नेताओं से चर्चा भी कर सकते हैं

**न्यूज क्राइम फाइल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करने के बाद भोपाल पहुंच गए हैं। वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रदेश के बीजेपी विधायकों, सांसदों और चुनिंदा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। हालांकि इसकी तस्वीरें सामने नहीं आ रही हैं। सभागार के अंदर किसी भी नेता को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। पीएम मोदी बैठक को संबोधित करने के बाद राउंड टेबल पर बैठे विधायकों, सांसदों से चर्चा कर सकते हैं। टू-वे कम्युनिकेशन के दौरान पीएम मोदी किसी भी टेबल पर जाकर किसी भी विधायक, सांसद से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की क्षेत्र में स्थिति, कार्यक्रमों में सहभागिता, मॉनिटरिंग, स्टेटस को लेकर सवाल-जवाब कर सकते हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यक्रमों, अभियानों के क्रियान्वयन और सहभागिता को लेकर भी पीएम सवाल कर सकते हैं।

**स्टेट हैंगर पर पीएम मोदी के स्वागत की तस्वीर**

बागेश्वर धाम से भोपाल पहुंचने पर राजकीय विमान तल पर सीएम मोहन यादव ने



पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी मौजूद रहे।

**सिंधिया बोले-प्रदेश का एक नया उदय हो रहा है**

बैठक में शामिल होने केंद्रीय मंत्री और गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया भी ठाकरे सभागार पहुंच गए हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री जी द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन हो रहा है। इस कार्यक्रम के जरिए मध्य प्रदेश का एक नया उदय हो रहा है। निवेशकों की उत्सुकता है। मुख्यमंत्री जी ने पिछले 6-7 महीने में वातावरण तैयार किया है, प्रादेशिक स्तर पर राष्ट्रीय स्तर पर और वैश्विक स्तर पर। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यक्रम बहुत ही सकारात्मक और सफल रहेगा। मप्र का एक नया इतिहास लिखा जाएगा।

**आवारा कुत्ते पकड़ने पहुंची नगर निगम की टीम**

ठाकरे सभागार के आसपास आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम के कर्मचारी जाल लेकर पहुंचे।

**अरविंद पटेरिया बोले-पीएम का मार्गदर्शन मिलेगा**

राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री आ रहे हैं। निश्चित रूप से बैठक के दौरान उनका मार्गदर्शन मिलेगा। हम सभी प्रधानमंत्री से मिले मार्गदर्शन के मुताबिक कार्य करेंगे।

**अजय विश्नोई बोले- बात कहां से शुरू होगी यह उन्हीं पर निर्भर**

विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री से संवाद होना है यही खास बात है। बात कहां से शुरू होगी और कहां तक जाएगी ये तो उन्हीं पर निर्भर करता है। वो जहां से शुरू करेंगे उसका स्वागत करेंगे। संवाद का स्वागत है, इसकी आवश्यकता भी थी। उस आवश्यकता को उन्होंने समझा इसलिए उनको प्रणाम। मेरे पास बहुत कुछ है कहने- सुनने को लेकिन आपको पहले बता दूंगा तो उनको बताने में मजा नहीं आएगा।

### जीआईएस के लिए भोपाल पहुंच रहे उद्योगपति

# जरदोजी के उत्पाद, चंदेरी साड़ी भी खरीद सकेंगे मेहमान; राग भोपाली में मेला

**न्यूज क्राइम फाइल**

भोपाल के मानव संग्रहालय में कल से शुरू हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। अब तक 500 से अधिक मेहमान भोपाल आ चुके हैं। ज्यादातर फ्लाइट से आए। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत भी किया गया। वे अगले 3 दिन तक भोपाल में ही जरदोजी के उत्पाद, चंदेरी की साड़ी और बाग प्रिंट सूट-साड़ी भी खरीद सकेंगे। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत %जीआईएस मध्यप्रदेश% कार्यक्रम के तहत 3 दिवसीय ग्रामीण उत्पाद मेला 10 नंबर मार्केट स्थित राग भोपाली में आज से शुरू होगा, जो 25 फरवरी तक चलेगा। मेले में स्वयं सहायता समूह (स्॥त्न) से जुड़ी महिलाएं अपनी कलां और उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। मेला रोज दोपहर 3



से रात 9 बजे तक चलेगा।

**ये खरीद सकेंगे**

मेले में जरी जरदोजी के उत्पाद, चंदेरी साड़ी, रेडिमेड कुर्ते, सोया बड़ी, बाग प्रिंट सूट साड़ी, सिल्क सूट साड़ी, भेलपुरी, चाय नाश्ता, चाट-फुल्की एवं अन्य ग्रामीण उत्पाद के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। फूड स्टॉल के साथ सोहानी संगीत संध्या का लुत्फ ले पाएंगे।

**भोपाल में इतनी महिलाएं रोजगार से जुड़ी**

भोपाल जिले में वर्तमान में हजारों समुह जुड़े हैं। इनमें करीब 11000 महिलाएं विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। विशेष रूप से %वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट% योजना के तहत जरी-जरदोजी उत्पादों के लिए करीब 105 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

**नेशनल गेम्स में एमपी ने जीते कुल 83 पदक**

38वें नेशनल गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 82 पदक जीते और राज्यों की सूची में तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

गोला गोकर्णनाथ के इस पावन कॉरिडोर को बनाने के लिए यहां पर विस्थापित सारे परिवारों को हम लोग आवास की सुविधा भी उपलब्ध करवाएंगे...
योगी आदित्यनाथ- मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश



# टाइगर-चीता स्टेट एमपी में गिद्धों की संख्या 12000 पार

न्यूज क्राइम फाइल

टाइगर, चीता और तेंदुआ स्टेट मध्यप्रदेश में गिद्धों की संख्या 12 हजार से ज्यादा हो गई है। 3 दिन हुई गिनती में ये आंकड़े सामने आए हैं। प्रदेश में 10 साल के अंदर गिद्धों की संख्या दोगुनी हुई है। अभी कुल 7 प्रजातियां पाई गई। इनमें भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में सफेद पीठ वाले गिद्ध भी शामिल हैं। बता दें कि 17, 18 और 19 फरवरी को वन विभाग के 16 सर्कल , 64 डिवीजन और 9 संरक्षित क्षेत्रों में गिद्धों की गिनती की गई थी। जिसके आंकड़े अब सामने आए हैं। इसके मुताबिक, प्रदेश में अभी 12 हजार 981 गिद्ध हैं।

**ये खास तौर पर ध्यान रखा**

गिद्धों की गणना में घोंसलों के आसपास बैठे गिद्धों एवं उनके नवजातों की गिनती के दौरान कई बातों का ध्यान रखा गया। केवल आवास स्थलों पर बैठे हुए गिद्धों को ही गिना गया। डेटा संकलन का कार्य वन विहार में हुआ।

**ऐसे बढ़ती गई गिद्धों की संख्या**

प्रदेश में गिद्धों की गणना की शुरुआत वर्ष 2016 से की गई थी। प्रदेश में गिद्धों की कुल 7 प्रजातियां पाई जाती है। इसमें से 4 प्रजातियां स्थानीय एवं 3 प्रजाति प्रवासी हैं। गिद्धों की गणना करने के लिए शीत ऋतु का अंतिम समय सही रहता है। इस दौरान स्थानीय एवं प्रवासी गिद्धों की गणना आसानी से हो जाती है। वर्ष 2019 की गणना में गिद्धों की संख्या 8 हजार 397, वर्ष 2021 में 9 हजार 446 और वर्ष



2024 में बढ़कर 10 हजार 845 हो गई थी।

**साल में दो बार होगी गिनती**

अबकी बार गिद्धों की गिनती साल में दो बार होगी। शीतकालीन गिद्ध गणना 17, 18 और 19 फरवरी को हो चुकी है, जबकि ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 29 अप्रैल को की जाएगी। पहले चरण में गिद्धों की गिनती सुबह 7 से 8 बजे तक हुई। ऐसे स्थान, जहां पर ऊंची क्लिफ्स (चट्टान) है, उन स्थानों पर अधिकतम 9 बजे तक गिनती की गई। केवल बैठे हुए गिद्धों की ही गिनती की गई है।

**गिद्धों के बारे में जानिए**

भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में व्हाइट रम वल्चर यानी, सफेद पीठ वाले गिद्ध भी हैं। वन विहार में अभी 100 से ज्यादा गिद्ध हैं।

गिद्धों का सबसे बड़ा कुनबा पन्ना नेशनल पार्क में है। यहां 900 से अधिक गिद्ध हैं। यहां पर लाल सिर वाला गिद्ध भी पाया जाता है। इसे एशियाई राजा गिद्ध, भारतीय काला गिद्ध या पांडिचेरी गिद्ध भी कहा जाता है। इसे पन्ना टाइगर रिजर्व में आसानी से देखा जा सकता है।

**कभी विलुप्त होने की कगार पर थे गिद्ध**

एक्सपर्ट के मुताबिक, गिद्ध जल्दी अपना साथी या मैटिंग पेयर नहीं बनाते हैं। यह पक्षी असल में नर्वस किस्म का जीव है। इस मामले में शर्मिला कहा जा सकता है। गिद्ध कभी विलुप्त होने की कगार पर थे। मप्र सहित देशभर में धरती के सफाई दूत% की संख्या बुरी तरह घटती जा रही थी, लेकिन अब प्रदेश में इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

**वन विहार में हरियाणा से लाए गए थे गिद्ध**

भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में करीब दो साल पहले हरियाणा से सफेद पीठ वाले 20 गिद्ध लाए गए थे। 1100 किलोमीटर की यात्रा करके यह भोपाल पहुंचे थे। वर्तमान में यह गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र की एवरी में है। 20 व्हाइट रम वल्चर (सफेद पीठ वाले गिद्ध) में 5 नर और 5 मादा, 10 सब एडल्ट गिद्ध थे।

**अंडे से जीवित निकलने का सक्सेस रेट 50 प्रतिशत**

गिद्ध साल में एक ही बार अंडे देते हैं। साइज में यह मुर्गी के अंडे से तीन गुना बड़े होते हैं। मई-जून से अक्टूबर के दौरान मैटिंग सीजन और अंडे देने का समय होता है। अंडे से बच्चे जीवित निकलने का सक्सेस रेट 50प्रतिशत माना जाता है। यही वजह है कि आधे अंडे विकसित नहीं होते हैं। अंडे से 55 दिन में बच्चा निकलता है। चार महीने बच्चा घोंसले में रहता है। फिर वह उड़ने के लिए तैयार हो जाता है।

**इसलिए कम हो गई थी गिद्धों की संख्या**

एक आंकड़े के अनुसार, वर्ष 1990 से 92 में भारत में 4 करोड़ गिद्ध थे। साल दर साल ये संख्या कम होती गई। पशुओं को दर्द, सूजन आदि के दौरान डायक्लोफेनाक दवा दी जाती है। इनके खाने के बाद मरने वाले पशु या जानवर का मांस गिद्ध खाते हैं। दवा के प्रभाव से गिद्धों की ज्यादा मौत हो जाती है।

# कांग्रेस विधायकों के साथ महाकुंभ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

न्यूज क्राइम फाइल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आज कांग्रेस विधायकों के साथ प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे। सिंघार के साथ उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक सचिन यादव, पूर्व विधायक नीरज दीक्षित सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

**एक ही दिन अलग-अलग पहुंचे कांग्रेस नेता**

प्रयागराज महाकुंभ में कांग्रेस के नेता अलग-अलग समूह में एक ही दिन पहुंचे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आज त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई तो वहीं पीसीसी चीफ जीतू पटवारी अलग मैहर होकर प्रयागराज पहुंचे।

**सिंघार बोले- सनातन और हिन्दुओं की पवित्र नदी है गंगा**

नेता प्रतिपक्ष ने विधायक सचिन यादव के साथ नौका विहार किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने वीडियो संदेश में कहा- हम प्रयागराज में हैं मां गंगा सनातन और हिन्दुओं में पवित्र नदी मानी जाती है। यहां ऐसा कहते हैं कि महाकुंभ



में जब स्नान करते हैं तो मोक्ष मिलता है और कई जन्मों के पुण्य प्राप्त होते हैं। इस देश में



धार्मिक आस्था के हिसाब से हम लोग महाकुंभ को मनाते हैं। ये देश के लिए गर्व की बात है।

**हेमंत कटारे भटके**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा- हमारे साथ सचिन यादव, हेमंत कटारे भी आए हैं। अभी वो भटक गए हैं उनके परिवार के साथ। बाकी कई साथियों के साथ हम लोग आए हैं। हम पूरे प्रदेश के लिए कामना करते हैं।

**सचिन ने कहा- देश, प्रदेश की तरक्की हो**

सचिन यादव ने कहा- हम लोग देश की उन्नति, प्रदेश की खुशहाली के लिए महाकुंभ में स्नान करने आए हैं। गंगा जी में डुबकी लगाकर हमने मनोकामना की है। हमारे देश प्रगति, उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे।

**दिग्विजय भी कर चुके कुंभ में स्नान**

2 फरवरी को माघ पूर्णिमा के मौके पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने प्रयागराज पहुंचकर अपने बेटे और राघौगढ़ विधायक जयवर्द्धन सिंह के साथ त्रिवेणी संगम पर स्नान किया था। 20 फरवरी को छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुल नाथ ने भी प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी संगम पर स्नान किया था।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः प्रधानमंत्री श्री @narendramodi के नेतृत्व में भारत, दुनिया की फार्मेसी बन रहा है और पूरे विश्व का उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित कर रहा है।
वीडी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा मप्र



आलेख

# मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ



दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी।

सम्पादकीय

## विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्राय: भीड़ भरे इलाकों में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे।

मप्र के साथ देशभर के किसान अपनी ही जमीन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं! लेकिन, हमारे कृषि मंत्री जी टूटी फ्कुर्सीफ्र को कोस रहे हैं!
जीतू पटवारी अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस



### देखी व्यवस्थाएं, कहा- पीएम मोदी का प्रदेश आगमन गौरव का क्षण

# सीएम मोहन यादव ने लिया जीआईएस की तैयारियों का जायजा





**न्यूज क्राइम फाइल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने समिट स्थल और उद्योगपतियों, निवेशकों के रुकने वाले स्थानों को देखा। इसके बाद कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी का कल भोपाल आगमन हो रहा है। यह प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है। हम उनका हार्दिक स्वागत-अभिनंदन करते हैं। समिट की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रधानमंत्री भोपाल में प्रवास भी करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए हर स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

**सबसे पहले कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सबसे पहले कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी रविवार शाम को बीजेपी सांसदों, विधायकों और अन्य पदाधिकारियों के साथ संवाद करने वाले हैं। इसके बाद सीएम जीआईएस की तैयारियों का निरीक्षण करने मानव संग्रहालय पहुंचे। यहां तड्ढ्स के लिए बनाए गए पवेलियन, मुख्य सभागार, विभागीय सेक्टर सम्मेलन स्थल समेत अन्य कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। शनिवार शाम को ही सीएम यादव सदर मंजिल में तड्ढ्स की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यहां देश-विदेश से आने वाले निवेशकों के रुकने और बैठक की व्यवस्था की गई है।

**अमृतस्य मध्यप्रदेश की प्रस्तुति की तैयारियां**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों, उद्योगपतियों और अतिथियों को प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराने के लिए विशेष रूप से संयोजित %अमृतस्य मध्यप्रदेश% नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। इसकी तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विविधता और पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में 100 से अधिक कलाकार अनूठे रूप में दिखाएंगे। इसके साथ ही आयोजन स्थल इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में प्रदेश के पारंपरिक और स्थानीय लोकनृत्य, मटकी नृत्य, करमा जनजातीय नृत्य आदि की प्रस्तुति एक विशेष आकर्षण होगी। 23 फरवरी को ताज लेक फ्रंट होटल में शाम 6:30 बजे से बांसुरी, सरोद, सारंगी और जुगलबंदी जैसी संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।

**लोक कला दलों की होगी प्रस्तुति**

समिट के पहले दिन 24 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में सुबह 8 बजे से स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करते लोक कला दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इसी दिन ओडीओपी मंच और मध्यप्रदेश पेवेलियन में प्रदेश की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिलेगी, जिसमें गोंड और भील जनजातियों की लोक संस्कृति एवं बुंदेलखंड व चंबल अंचल की विरासत का प्रदर्शन भी किया जाएगा। शाम को गाला डिनर के दौरान लोकांचल नृत्य बधाई, मटकी, जनजातीय नृत्य करमा के साथ विशेष %अमृत्य मध्यप्रदेश% नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न मंचों पर लोकगीत, जनजातीय संगीत और पारंपरिक लोक नृत्य का मंचन किया जाएगा।

**पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर**

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।

उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441
website: www.newscrimefile.com
email: newscrimefile@yahoo.com

आज केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में आयोजित नवनियुक्त सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के 45 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया।
मोहन यादव- सीएम मप्र



## जमानत पर आसाराम इंदौर में प्रवचन दे रहा

# 1 हजार से ज्यादा लोग आ रहे आश्रम; एंट्री से पहले जमा करा लेते हैं मोबाइल-स्मार्ट वॉच

न्यूज क्राइम फाइल



नाबालिग और महिला से रेप केस में सजा काट रहा आसाराम जमानत मिलने के बाद इंदौर पहुंचा है। यहां कोर्ट द्वारा दी गई जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर वह प्रवचन कर रहा है। समर्थकों से मिल रहा है और खुलकर बातचीत कर रहा है। आसाराम का प्रवचन सुनने के लिए उसके आश्रम में एक हजार से ज्यादा लोग जुट रहे हैं। इससे पहले पालनपुर (गुजरात) आश्रम का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह सामूहिक रूप से भक्तों से मुलाकात करता नजर आया था। आसाराम को इन शर्तों पर जमानत मिली है कि वह प्रवचन नहीं करेगा।

**कड़ी सुरक्षा, 2 कैमरों से प्रवचन की रिकॉर्डिंग**

शुक्रवार दोपहर 12 बजे दैनिक भास्कर की टीम खंडवा रोड स्थित आसाराम के आश्रम पहुंची। उस समय आश्रम में ज्यादा चहल-पहल नहीं थी। आश्रम के बाहर तैनात गार्ड किसी को भी रुकने नहीं दे रहे थे। दोपहर 2 बजे के बाद आश्रम में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ने लगी। इस दौरान गार्डों ने आश्रम से लगभग 300 मीटर पहले ही लोगों के मोबाइल फोन बंद करवा दिए और प्रवेश से पहले मोबाइल और स्मार्ट वॉच जमा करा ली गईं। शाम करीब 6 बजे, रिपोर्टर ने अपना मोबाइल जमा कर आश्रम के भीतर प्रवेश किया। वहां टीन शेड के नीचे, जिसे पूरी तरह सफेद चादर से ढका गया था, एक हजार से ज्यादा लोग बैठकर आसाराम का प्रवचन सुन रहे थे। प्रवचन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। एक पुलिस जवान आसाराम के बाईं ओर और एक सीआरपीएफ की ड्रेस में जवान दाईं ओर तैनात था। प्रवचन की बाकायदा दो कैमरों से रिकॉर्डिंग भी की जा रही थी।

**सेवादार बोला- अंदर लाइव सत्संग चल रहा है**

आसाराम के प्रवचन के दौरान रिपोर्टर ने सेवादारों से पूछा कि जब मोबाइल अंदर लाने की अनुमति नहीं है, तो यहां दो कैमरों से रिकॉर्डिंग क्यों की जा रही है? इस पर एक सेवादार ने बताया- बापू का ऑनलाइन लाइव सत्संग भी चल रहा है। जो लोग यहां नहीं आ सके, वे अन्य आश्रमों में जाकर बापू का लाइव सत्संग सुन सकते हैं। अन्य आश्रमों में इस व्यवस्था की जिम्मेदारी वहां के सेवादारों को सौंपी गई है। इसी दौरान आसाराम प्रवचन के दौरान अपने समर्थकों से महाकुंभ को लेकर बात कर रहा था। उसने कहा कि, कुंभ पहले की तुलना में बहुत बड़ा हो गया है और इसकी रिपोर्ट मीडिया में भी दिखाई जा रही है।

**प्रवचन के दौरान सेवक कर रहे थे लोभान की धूनी**

जब आसाराम प्रवचन दे रहा था, तब उसके सेवक वहां मौजूद समर्थकों के बीच जाकर लोभान और गुगल की धूनी दे रहे थे। प्रवचन के दौरान आसाराम ने अपने समर्थकों से कहा- परोपकार, श्रद्धा, समता और विश्वास से हर कार्य संभव है। श्रद्धा और विश्वास के बिना मनुष्य जीवन भी नहीं जी सकता। वहीं, आश्रम सूत्रों के अनुसार, सामान्य समर्थकों के अलावा कुछ नेता और बड़े व्यापारी भी गुरुवार रात 11 बजे के बाद आसाराम से मिलने आश्रम पहुंचे थे।

**सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी को 31 मार्च तक जमानत दी है**

सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी को गांधीनगर (गुजरात) के आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में आसाराम को 31 मार्च तक जमानत दी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अपने अनुयायियों से मिलने की सख्त मनाही की थी।

**सौजन्य भेंट**



माननीय उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी ने आज भोपाल स्थित आवास पर आमजन से भेंट कर उनकी समस्याएं जानी तथा शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

साप्ताहिक
न्यूज़ क्राइम फाइल
भोपाल, 24 फरवरी से 02 मार्च 2025

ये मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि मुझे नई दिल्ली में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में हिस्सा लेने का सौभाग्य मिला।



प्रधानमंत्री- नरेंद्र मोदी

### चैंपियंस ट्रॉफी- साउथ अफ्रीका 107 रन से जीता

# अफगानिस्तान को हराया, रायन रिकेलटन ने सेंचुरी लगाई; कगिसो रबाडा को 3 विकेट

न्यूज क्राइम फाइल

चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रन से हरा दिया। शुक्रवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बैटिंग चुनी। टीम ने 6 विकेट खोकर 315 रन बना दिए। जवाब में अफगानिस्तान 43.3 ओवर में 208 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। साउथ अफ्रीका से रायन रिकेलटन ने सेंचुरी लगाई। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। ऐडन मार्करम ने 52, टेम्बा बावुमा ने 58 और रासी वान डर डसन ने 52 रन बनाए। कगिसो रबाडा ने 3 और लुंगी एनगिडी ने 2 विकेट लिए। अफगानिस्तान से रहमत शाह ने 90 रन बनाए। मोहम्मद नबी को 2 विकेट मिले।

**1. प्लेयर ऑफ द मैच**

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम ने छठे ओवर में पहला विकेट गंवाया। ओपनर रायन रिकेलटन एक एंड पर टिक गए, उन्होंने 36वें ओवर तक बैटिंग की और सेंचुरी लगा दी। उन्होंने टेम्बा बावुमा के साथ 129 रन की अहम पार्टनरशिप भी की।

**2. जीत के हीरो**

टेम्बा बावुमा: पहला विकेट गिर जाने के बाद कप्तान बावुमा ने पारी संभाली। उन्होंने 58 रन बनाए और रिकेलटन के साथ अहम सेंचुरी पार्टनरशिप की।




**ऐडन मार्करम:** नंबर-5 पर उतरे मार्करम ने तेजी से रन बनाए। उन्होंने 36 गेंद पर 52 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया।

**लुंगी एनगिडी:** साउथ अफ्रीका को एनगिडी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने चौथे ही ओवर में गुरबाज को पवेलियन भेज दिया। फिर गुलबदीन नईब को भी कैच कराया।

**कगिसो रबाडा:** साउथ अफ्रीका के लीड पेसर रबाडा ने 3 विकेट लिए। उन्होंने इब्राहिम जादरान, रहमत शाह और अजमतुल्लाह ओमरजई को पवेलियन भेजा।

**3. फाइटर ऑफ द मैच**

अफगानिस्तान से बॉलिंग के दौरान मोहम्मद नबी ने 2 विकेट लिए। हालांकि, बड़ी फाइट बैटिंग के दौरान रहमत शाह ने दिखाई। 38 रन पर 2 विकेट गिर जाने के बाद उन्हें बैटिंग पर उतरना पड़ा। उन्होंने एक एंड पर टीम को संभाला, लेकिन दूसरे एंड पर साथ नहीं मिला। वे 90 रन बनाकर आखिरी बैटर के रूप में आउट हुए।

**4. टर्निंग पॉइंट**

बड़े टारगेट के सामने अफगानिस्तान ने 50 रन के अंदर ही 4 विकेट गंवा दिए। रहमानुल्लाह गुरबाज 10, इब्राहिम जादरान 17, सेदिकुल्लाह अटल 16 और कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी खाता खोले बगैर आउट हो गए। खराब शुरुआत ही मैच में अफगानिस्तान के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

**5. मैच रिपोर्ट**

साउथ अफ्रीका ने बड़ा स्कोर बनाया टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका से रायन रिकेलटन ने सेंचुरी लगाई। टेम्बा बावुमा, ऐडन मार्करम और रासी वान डर डसन ने फिफ्टी लगाकर स्कोर 315 तक पहुंचा दिया। अफगानिस्तान से फजलहक फारूकी, अजमतुल्लाह ओमरजई और नूर अहमद ने 1-1 विकेट लिया। बड़े टारगेट के सामने बिखरा अफगानिस्तान 316 रन के टारगेट के सामने अफगानिस्तान शुरुआत से ही बिखरते चले गया। टीम ने 38 रन पर 2 और 50 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। रहमत के अलावा कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। टीम 43.3 ओवर में 208 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### सोना 94 बढ़कर 86,092 पर पहुंचा, चांदी 806 गिरकर 97,147 पर आई

# देश में इस हफ्ते सोना महंगा हुआ, चांदी के दाम कम हुए

न्यूज क्राइम फाइल

इस हफ्ते सोने के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 14 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 85,998 रुपए था, जो अब यानी 22 फरवरी को 86,092 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 94 रुपए बढ़े हैं। हालांकि चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। चांदी के दाम 806 रुपए कम होकर 97,147 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। पिछले शनिवार को ये 97,953 रुपए प्रति किलो पर थी।

**4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,920 रुपए है।

**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,770 रुपए है।

**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 80,450 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,770 रुपए है।

**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,770 रुपए है।



**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,820 रुपए है।

1 जनवरी से अब तक सोना 9,930 रुपए महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,930 रुपए बढ़कर 86,092 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,130 रुपए बढ़कर 97,147 रुपए पर पहुंच गया है।

**सोने में तेजी के 4 कारण**

■ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई हैं।

■डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोना महंगा हो रहा है।

■महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है ।

■शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ने से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं।

इस साल 90 हजार रुपए तक जा सकता है सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। अमेरिका के बाद च ने ब्याज दरों में कटौती और जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड श्च्ञ्जस्न में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे भी गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 90 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

महान विचारक, कर्मयोगी स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूँ।

केंद्रीय गृहमंत्री-अमित शाह



# पीएम मोदी के रूट पर 1500 घर, मेहमानों की सूचना देनी होगी

## भोपाल पुलिस की हिदायत- पीएम का काफिला गुजरने के दौरान छतों-खिड़कियों से न झांके

न्यूज क्राइम फाइल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने राजा भोज एयरपोर्ट पर 23 फरवरी को दोपहर 3ः30 बजे भोपाल आएंगे। एयरपोर्ट से राज भवन तक का रास्ता करीब 13.8 किलोमीटर का है। इसे 19 मिनट में तय किया जाएगा। मुख्य मार्ग के आसपास बने मकानों में रहने वाले लोगों को पीएम के काफिले के गुजरने के वक्त ताक-झांक न करने की हिदायत दी जा रही है। मेहमानों के आने पर पुलिस को सूचना देना है। इस मुख्य मार्ग में 1500 से अधिक मकान, होटल, लॉज और धर्मशाला हैं। पीएम की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस यहां रहने वाले 10 हजार से अधिक लोगों का वेरिफिकेशन कर चुकी है। उन्हें बताया गया है कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान जो लोग घर में रहेंगे, वे सड़क पर नहीं आएं। किसी को भी छतों पर खड़े रहने और खिड़कियों से झांकने की इजाजत नहीं होगी। पीएम मोदी का काफिला 5 थाना क्षेत्रों की सीमाओं से गुजरेगा। जिसमें गांधी नगर, कोहेफिजा, तलैया, श्यामला हिल्स और अरेरा हिल्स थाना शामिल हैं। पीएम मोदी के गुजरने वाले मार्ग में सबसे ज्यादा इलाका कोहेफिजा थाने का होगा। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी पहली बार भोपाल में 23 घंटे तक रहेंगे। राज भवन में वह रात गुजारेंगे।

**बस स्टैंड और होटलों में सघन चेकिंग अभियान**

कोहेफिजा थाने के टीआई बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि एयरपोर्ट रोड से लालघाटी, वीआईपी रोड राजा भोज प्रतिमा तक मेरा थाना क्षेत्र है। यहां से पीएम के काफिले का गुजरना प्रस्तावित है। इन तमाम सड़कों पर सैकड़ों घर, होटल, धर्मशाला और व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं। हम मुख्य मार्ग से 50 मीटर अंदर तक बने घरों में रहने वाले लोगों की जानकारी जुटा रहे हैं। इन घरों में रहने वालों के पुलिस वेरिफिकेशन कराए जा रहे हैं। हलालपुरा बस स्टैंड और आसपास बने होटलों में भी लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। होटल-लॉज में ठहरे संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। टीआई ने बताया- परिवारों से मुलाकात कर हिदायत दी जा रही है कि पीएम के काफिले के गुजरने के समय ताक झांक न करें। परिवार में किसी भी मेहमान के आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। हमारे थाना क्षेत्र में अब तक 1200 से अधिक परिवारों के वेरिफिकेशन किए जा चुके हैं।

**हाइराइज इमारतों में रहने वालों का भी वेरिफिकेशन**

पीएम के गुजरने वाले सभी रास्तों के आसपास बनी हाइराइज इमारतों में रहने वाले परिवारों का भी वेरिफिकेशन किया जा रहा है। यहां रहने वाले परिवारों का डेटा तैयार किया जा रहा है। पुलिस यहां की सोसाइटी के जिम्मेदारों से मुलाकात कर हिदायत दे रही है कि पीएम काफिला गुजर के समय इन बिल्डिंग्स की छत पर कोई भी खड़ा न हो।

**दूरबीन से निगरानी, ड्रोन उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित**

13.8 किलोमीटर के पूरे मार्ग पर पड़ने वाली तमाम हाइराइज बिल्डिंग्स पर जिला पुलिस के जवानों की तैनाती रहेगी। पुलिस के जवान दूरबीन से आसपास होने वाली हर गतिविधि की निगरानी करेंगे। इस पूरे रास्ते पर 48 घंटे के लिए ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

**थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था, 500 से ज्यादा CCTV कैमरे**

वीवीआईपी के लिए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। पहली लेयर में एसपीजी कमांडों, दूसरी लेयर में आईपीएस और तीसरी लेयर में सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान 25 आईपीएस सहित करीब साढ़े पांच हजार पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। इसकी निगरानी एडीजी स्तर के अधिकारी करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पुख्ता करने लिए एक दर्जन ड्रोन और 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे कार्यक्रम स्थल से लेकर शहर के चप्पे-चप्पे की निगरानी करेंगे। कार्यक्रम स्थल और एयरपोर्ट पर ड्रोन बैन रहेगा।

# थाने में हत्या के आरोपी ने खुद को आग लगाई

## रतलाम में 4 पुलिसकर्मियों के हाथ झुलसे; बाहर से पेट्रोल छिड़ककर आया था युवक

न्यूज क्राइम फाइल




रतलाम में हत्या के आरोपी ने थाने के अंदर खुद को आग लगा ली। आग बुझाने में 4 पुलिसकर्मियों के हाथ झुलस गए। युवक को अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर कर दिया है। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे की है। अजय पंवार (35) नशे की हालत में डीडी नगर पुलिस थाने में पहुंचा। वह बाहर से ही खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आया था। अजय कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाने लगा। पुलिसकर्मी उसे समझा रहे थे तभी शोर-शराबा करते हुए उसने माचिस जला कर खुद को आग लगा ली। वह 50 प्रतिशत तक झुलस गया। आग बुझाने में हेड कॉन्स्टेबल राजेंद्र मेवाड़ा, कॉन्स्टेबल राकेश, एएसआई मुरली मकवाना और पुलिसकर्मी जगदीश के हाथ झुलस गए। एसपी अमित कुमार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। अजय पंवार पर हत्या समेत 6 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**ऑटो चालक की हत्या का आरोपी है अजय**

पुलिस के अनुसार, अजय शहर में एक ऑटो चालक की हत्या का आरोपी है। मामले में कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कुछ दिन से वह जमानत पर था। इसी मामले में 9 जनवरी को गवाहों के खिलाफ वह मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज करवा चुका है। उसने शिकायत में बताया था कि 28 दिसंबर को गवाहों ने उससे मारपीट की थी। उसकी शिकायत पर पुलिस ने ईश्वर नगर के रहने वालेकरण कटारा, राहुल कटारा, मुकेश कटारा, कला कटारा, अनीता कटारा, विकास पोरवाल और आयन के खिलाफ केस दर्ज किया था।

दिल्ली में श्रीमती @gupta_rekha जी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।
रक्षा मंत्री-राजनाथ सिंह



### सीएम ने कहा- कांग्रेस रसातल में जा रही

# दिग्विजय बोले- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट करोड़ों रुपए फूंकने का जरिया

**न्यूज क्राइम फाइल**




मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भोपाल में 24-25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल करोड़ों रुपए बर्बाद करने का जरिया है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में हुए एमओयू का हिसाब मांगा। कांग्रेस के सवाल उठाने पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस अलग-अलग बहानों से अपनी जमीन खोज रही है। वे रसातल में जा रहे हैं। इधर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की समृद्धि और विकास में रोड़े अटकाए। बता दें कि भोपाल में 24-25 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने जा रही है। जिसमें पीएम मोदी के साथ ही देश और विदेश के कई उद्योगपति शिरकत करेंगे। दिग्विजय सिंह शुक्रवार को नीमच के दौरे पर थे। जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए दिग्विजय ने कहा कि भाजपा सरकार में सोयाबीन के दाम घट रहे हैं। वहीं तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने काले धन को वापस लाने के मोदी के वादे और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों का भी मुद्दा उठाया।

**सीएम बोले- मोदी से मिलने लायक बने कांग्रेस**

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो दिवसीय भोपाल प्रवास के दौरान उनसे भेंट के लिए समय मांगा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस इस लायक तो बने। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार का मार्च में पेश होने वाला बजट 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक का होगा। सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं रखेगी। उद्योगपतियों की यह जिम्मेदारी है कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आने वाले देश विदेश के उद्योगपतियों की मेहमान नवाजी का पूरा ध्यान रखें।

**ज्योतिरादित्य बोले- अपने गिरेबां में झांके कांग्रेस**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को खुद के गिरेबां में झांकना चाहिए। कांग्रेस ने देश की समृद्धि और विकास में कितने रोड़े अटकाए थे। रीवा, जबलपुर, ग्वालियर सहित अन्य जगहों पर इन्वेस्टर्स मीट हो चुकी हैं। अब भोपाल में हो रही है। इसका स्वागत करने के बजाय इतनी नकारात्मक प्रवृत्ति कांग्रेस या कोई भी राजनीतिक दल रखेगा तो उनकी स्थिति भी देश की जनता के हृदय स्थल में उनकी सोच की तरह वही स्थान बनाएगी।

# दतिया के रूप में एमपी को मिला 8वां एयरोड्रम

**न्यूज क्राइम फाइल**

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को दतिया हवाई अड्डे को 3सी और वीएफआर श्रेणी के तहत पब्लिक एयरोड्रम के रूप में लाइसेंस दिया है। इसके बाद, दतिया हवाई अड्डा मध्यप्रदेश का 8वां सार्वजनिक हवाई अड्डा बन गया है, जो आम नागरिकों के उपयोग के लिए उपलब्ध होगा। सितंबर 2024 से पहले मध्यप्रदेश में केवल 5 हवाई अड्डे भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खजुराहो और ग्वालियर ही पब्लिक यूज के लिए लाइसेंस प्राप्त थे। इसके बाद 9 सितंबर 2024 को रीवा हवाई अड्डे को 3सी, आईएफआर श्रेणी में लाइसेंस दिया गया। इसका वर्चुअल उ?द्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्टूबर 2024 को किया था। इसके बाद 23 दिसंबर 2024 को सतना हवाई अड्डे को भी 2बी, वीएफआर श्रेणी के तहत पब्लिक एरोड्रम के रूप में लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

**ऐसा है दतिया हवाई अड्डे का एरिया**

■दतिया हवाई अड्डा लगभग 118 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया गया है।

■इस हवाई अड्डे का रन-वे 1810 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा है।

■हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन 768 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला हुआ है, जो प्रति घंटे 100 यात्रियों की क्षमता रखता है।

■एप्रन को दो एटीआर-72 विमानों के लिए अनुकूलित




किया गया है।

■एक्स-रे मशीन (आरबी एंड एचबी), ईटीडी, सीसीटीवी, डीएफएमडी, एचएचएमडी, वॉकी-टॉकी, आरटी-सेट और बैगेज हैंडलिंग सिस्टम भी हवाई अड्डे पर स्थापित की गई हैं।

## यह सुविधाएं मिलेंगी लोगों को

दतिया हवाई अड्डे पर यात्रियों की सुविधा के लिए टीवी, एफआईडीएस (फ्लाइट इनफॉर्मेशन डिसप्ले सिस्टम), पीए सिस्टम, रिजर्व लाउन्ज और वाई-फाई की सुविधा दी गई है। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अग्निशमन केन्द्र में 1 अग्निशमन वाहन और 1 एम्बुलेंस भी तैनात की गई है। सतना और दतिया हवाई अड्डों का विधिवत लोकार्पण शीघ्र किया जाएगा, इसके बाद इन हवाई अड्डों से आम यात्रियों के लिए उड़ानों का संचालन शुरू होगा।

# प्रेमिका ने शादी के लिए दबाव बनाया तो मार डाला

**न्यूज क्राइम फाइल**



साक्षी शंकर राजपूत

प्रेमिका के शादी का दबाव बनाने से युवक इतना परेशान हो गया कि उसे मार डाला। युवक ने प्रेमिका की बात मान ली और उसे शादी करने के लिए घर से बुलाया। फिर गला घोंटकर जान ले ली। रात तक शव ठिकाने लगाने के लिए गांव में रेकी करता रहा। सन्नाटा होते ही आरोपी ने प्रेमिका के शव को खाद की खाली बोरी में बंद किया और घर से 100 मीटर दूर बने तालाब में फेंक दिया। इसके बाद वह घर लौट आया। लेकिन रात भर उसे नींद नहीं आई। डर था कि कहीं पकड़ा न जाए इसलिए अगले दिन दोपहर में दोबारा तालाब पहुंचा। शव को बाहर निकाला और उसे कब्रिस्तान में दफना दिया। इससे पहले युवती के कपड़े निकाल कर जला दिए ताकि उसकी पहचान नहीं हो पाए। घटनाक्रम दतिया जिले के गांव भगुवापुरा की है। साक्षी (23) की हत्या के 8 दिन बाद शुक्रवार को आरोपी प्रेमी शंकर राजपूत (32) गिरफ्तार हो गया। वह लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। पुलिस ने शव बरामद कर लिया। आज (शनिवार) दतिया जिला अस्पताल में शव का पीएम होगा।

**आधा किमी दूरी पर है दोनों के घर**

शंकर और साक्षी के घर करीब 500 मीटर दूर हैं। लिहाजा, दोनों करीब तीन-चार साल से एक-दूसरे को जानते थे। शंकर शादीशुदा था, लेकिन 3 साल पहले उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी। इसके बाद शंकर की साक्षी से बातचीत होने लगी। साक्षी भी शंकर से प्रेम करने लगी थी।

साप्ताहिक न्यूज क्राइम फाइल
भोपाल, 24 फरवरी से 02 मार्च 2025

छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन और अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।अपने साहस और शौर्य से उन्होंने हमें निडरता और पूरे समर्पण के साथ आवाज़ उठाने की प्रेरणा दी।
नेता प्रतिपक्ष-राहुल गांधी



## एअर इंडिया फ्लाइट की टूटी सीट पर बैठे शिवराज

# केंद्रीय मंत्री ने कहा- क्या यात्रियों की मजबूरी का ऐसे फायदा उठाएंगे

न्यूज क्राइम फाइल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एअर इंडिया के विमान की टूटी सीट पर बैठकर यात्रा करनी पड़ी। उन्होंने एअरलाइंस की सुविधाओं पर सवाल उठाए हैं। शिवराज भोपाल से दिल्ली जा रहे थे। कांग्रेस नेता बोले- कुंभ के यात्रियों का दर्द नहीं हुआ? शिवराज की पोस्ट पर यूथ कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने लिखा- कुंभ जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को इनकी सरकार ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं दे पाई उसका दर्द नही हुआ, मंत्री जी को विमान में टूटी कुर्सी मिलने का दर्द हुआ है।

**सपा बोली- हर व्यक्ति ट्वीट नहीं कर सकता**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता यश भारतीय ने ङ्ग पर लिखा- हवाई सफर करने वालों के बहुत कष्ट हैं, लेकिन हर व्यक्ति ट्वीट नहीं कर पाता। हालांकि, बाद में उन्होंने ये पोस्ट डिलीट कर दिया।

**एअर इंडिया बोली- असुविधा के लिए हमें खेद**




शिवराज के पोस्ट के बाद एअर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। हम विश्वास दिलाते हैं कि हम ऐसे मामलों में भविष्य में सावधानी बरतेंगे। हम आपसे बात करने के अवसर की सराहना करेंगे, कृपया हमें जुड़ने के लिए सुविधाजनक समय बताएं।

**30 अगस्त 2024: एअर इंडिया ने जॉन्टी रोड्स को दी टूटी सीट**

6 महीने पहले एअर इंडिया ने साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज फील्डर जॉन्टी रोड्स को टूटी सीट दी। इतना ही नहीं, उनसे बोर्डिंग से पहले लेटर साइन कराया। साथ ही फ्लाइट लेट होने की वजह से पूर्व क्रिकेटर को मुंबई एयरपोर्ट पर डेढ़ घंटे तक इंतजार भी करना पड़ा। दरअसल, रोड्स मुंबई से दिल्ली जा रहे थे। इसके बाद एअर इंडिया को माफी मांगनी पड़ी।

**7 अप्रैल 2024= पैसेंजर्स ने ज्यादा पैसे दिए, फिर भी सीट टूटी मिली**

दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में सवार एक यात्री ने खिड़की वाली सीट के लिए 1000 रुपए अतिरिक्त चुकाए, लेकिन उसे टूटी हुई सीट मिली। सीट ठीक करने के लिए इंजीनियर को बुलाने के बावजूद भी वह टूटी हुई ही रही।

**14 जनवरी 2024: फ्लाइट लेट, जमीन पर बैठकर पैसेंजर्स ने डिनर किया**

14 जनवरी को गोवा से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 12 घंटे लेट होने के बाद मुंबई डायवर्ट कर दी गई। इससे नाराज पैसेंजर्स एयरक्राफ्ट पार्किंग में बैठकर खाना खाने लगे। इस मामले में ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने इंडिगो पर 1.20 करोड़ रुपए जुर्माना लगाया है।

## एमपी-यूपी बॉर्डर पर फिर लगा जाम, 10 किलोमीटर तक फंसे वाहन

# प्रयागराज जा रहे कुंभ यात्रियों की भीड़ बढ़ी; टोल से हर घंटे निकल रही 1500 से ज्यादा गाड़ियां

न्यूज क्राइम फाइल

रीवा में एमपी-यूपी बॉर्डर पर शनिवार को एक बार फिर 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शनिवार को फिर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई। इसके बाद रीवा-प्रयागराज मार्ग पर भारी वाहनों की एंट्री रोक दी गई है। उन्हें कटनी से ही डायवर्ट कर हनुमना मार्ग से निकाला जा रहा है। बता दें कि प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा। शनिवार सुबह तक स्थिति नियंत्रण में थी। दोपहर 12 बजे के बाद वाहनों की संख्या बढ़ गई। जोगनिहाई टोल से हर घंटे 1500 वाहन निकल रहे हैं। पुलिस और प्रशासन मिलकर जाम खुलवाने की कोशिश कर रहे हैं।

**टोल प्लाजा से 24 घंटे में निकले 35 हजार वाहन**

एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि महाकुंभ का आखिरी वीकेंड होने की वजह से पिछले 24 घंटे में एमपी-यूपी बॉर्डर चाकघाट से



35 हजार से ज्यादा वाहन निकल चुके हैं। शनिवार सुबह से हर घंटे जोगनिहाई टोल प्लाजा और झिरिया टोल प्लाजा से होकर 1500 वाहन निकल रहे हैं। यही वजह है कि सड़कों पर ट्रैफिक बढ़ रहा है। लेकिन हम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

**प्रयाग में पार्किंग फुल, वाहनों को मिर्जापुर डायवर्ट किया**

एडिशनल एसपी विवेक सिंह ने बताया कि महाकुंभ के अंतिम दौर और इसके पहले आखिरी वीकेंड में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। भारी वाहनों को कटनी से ही वैकल्पिक मार्ग पर भेजा जा रहा है। वाहनों को शहडोल और सीधी होते हुए हनुमना की ओर भेजा जा रहा है। हनुमना और मिर्जापुर से आने वाले वाहनों के लिए भी यही रूट निर्धारित किया है। मनगवां से मिर्जापुर की ओर वाहनों का रूट डायवर्जन जारी है।

**कुंभ यात्रियों की सुविधा के लिए रेस्ट पॉइंट बनाए**

रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि कुंभ यात्रियों की सुविधा के लिए रेस्ट पॉइंट पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। बच्चों के लिए दूध, आवश्यक दवाइयां और खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रयागराज में पार्किंग स्थल पूर्ण रूप से भर चुके हैं। इस कारण वाहनों को मिर्जापुर की ओर भेजा जा रहा है, जहां पार्किंग की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है। नारी-वारी मार्ग पर यातायात की स्थिति सामान्य नहीं है।

**इधर, बाइक को टक्कर मारकर कार पलटी**

शनिवार को रीवा प्रयागराज मार्ग में जाम की स्थित के बीच एक सड़क दुर्घटना भी हो गई। जहां बाइक सवार को ठोकर मारने के बाद कार पलट गई। दोनों वाहन प्रयागराज से रीवा की तरफ आ रहे थे। घटना में घायल बाइक सवार सौरभ पांडेय को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। कार सवार दो युवकों को मामूली चोट आई है। पूरी घटना सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहागी टोल प्लाजा के पास की है।

माननीय उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी ने आज भोपाल स्थित आवास पर आमजन से भेंट कर उनकी समस्याएं जानी तथा शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।
डिप्टी सीएम मप्र- जगदीश देवड़ा



# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट: 25000 मेहमानों को ही मिलेगी एंट्री

## 7000 रजिस्ट्रेशन कैंसिल; पीएम के कार्यक्रम में सिर्फ 5000 उद्योगपति ही रहेंगे



**न्यूज क्राइम फाइल**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 25 हजार मेहमानों को ही एंट्री मिलेगी। करीब 7 हजार रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने के बाद ये फाइनल आंकड़ा सामने आया है। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब उद्घाटन करेंगे, तब मानव संग्रहालय में 5 हजार उद्योगपति ही रहेंगे। इनमें अडाणी, बिड़ला जैसे देश के शीर्ष उद्योगपति भी शामिल हैं। समिट के लिए कुल 32 हजार रजिस्ट्रेशन हुए थे। आखिरी 3 दिन में ही 10 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन होने के कारण विंडो एक दिन पहले ही बंद करना पड़ी थी। वहीं, अब समिट को लेकर प्लान भी बदलना पड़ा है। एमपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के मुताबिक, समिट में 20 हजार मेहमानों को शामिल करने का टारगेट था। ज्यादा रजिस्ट्रेशन होने पर उनकी स्क्रूटनी की गई। जिसमें 7 हजार रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिए गए हैं। अब बाकी बचे 25 हजार उद्योगपतियों को ही इवेंट में शामिल होने की अनुमति मिलेगी।

**4 दिन 4 पैरामीटर पर चली स्क्रूटनी**

अफसरों के अनुसार, टारगेट से 50प्रतिशत रजिस्ट्रेशन ज्यादा होने के कारण इनकी स्क्रूटनी की गई। इसमें कंपनी का एनुअल टर्नओवर, इंडस्ट्री, कौन से सेक्टर में इन्वेस्टमेंट करने की इच्छा और पिछले 5 साल का बैकग्राउंड देखा गया। इस पैमाने पर 7 हजार रजिस्ट्रेशन खरे नहीं उतरे। इस कारण उन्हें कैंसिल कर दिया गया है।

**लेकिन एकसाथ 25 हजार नहीं आ सकेंगे**

भले ही रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा फाइनल हो गया हो, लेकिन एक साथ 25 हजार मेहमानों को समिट स्थल पर नहीं रुकने दिया जाएगा। इस तरह से प्लान तैयार हो रहा है कि उद्योगपति अलग-अलग समय पर पहुंचे। अप्रूवल होते ही उन्हें ई-मेल के जरिए ओके और एंट्री कार्ड भेजे जा रहे हैं।

**समिट में ये प्रमुख उद्योगपति आएंगे**

जीआईएस में देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अडाणी, कुमार मंगलम बिड़ला समेत प्रमुख उद्योगपति की सहमति मिल गई है।

**ऐसे मिलेगी उद्योगपतियों को एंट्री**

■ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2 दिन की है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले उद्योगपति अलग-अलग रंग के पास के जरिए समिट में जा सकेंगे।

■प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 10 बजे समिट में पहुंच जाएंगे और डेढ़ घंटा यानी, 11.30 बजे तक रहेंगे। वे जिस डोम में रहेंगे, वहां 3000 उद्योगपति मौजूद रहेंगे।

■पीएम मोदी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सेशन हॉल में 2 हजार उद्योगपति और रहेंगे। इस तरह मोदी के समय 5 हजार उद्योगपति मौजूद रहेंगे।

■उद्योगपतियों को उनकी इंडस्ट्री के अनुसार ही डिपार्टमेंटल समिट या सेशन में एंट्री दी जाएगी। जिन्हें एक्सपो में घूमना है, उन्हें वहीं के लिए एंट्री दी जाएगी। ऐसे में जगह को लेकर दिक्कतें नहीं होंगी।

**जानिए, किस विभाग की समिट कहां होगी**

■मुख्य डोम में डिपार्टमेंटल समिट होगी। उद्योगपति यहां न्यू रिन्युएबल एनर्जी, आईटी एंड टेक्नोलॉजी, टूरिज्म, माइनिंग, एमएसएमई एंड स्टार्टअप, अर्बन डेवलपमेंट पर बात कर सकेंगे।

■मुख्य 3 डोम के पास ही 200-200 लोगों की क्षमता वाले 3 बड़े हॉल हैं। यहां पर दो दिन तक एक-एक घंटे के कुल 5 सेशन होंगे, जिसमें एक्सपर्ट स्पीच देंगे। ये सेशन फॉर्मा एंड मेडिकल डिवाइस, स्किल डेवलपमेंट, टेक्सटाइल्स, फूड प्रोसेसिंग, हार्टिकल्चर और लॉजिस्टिक के रहेंगे।

■विभागों की समिट के बाद ही कंट्री यानी विदेशों के इन्वेस्टर्स के भी सेशन होंगे, जो दो प्रकार के रहेंगे। पहला ग्लोबल साउथ सेशन और दूसरा कंट्री सेशन। इनमें राउंड टेबल पर विदेशी उद्योगपति इन्वेस्टमेंट को लेकर चर्चा करेंगे।

**पीएम करेंगे उद्घाटन, एक दिन पहले आ जाएंगे**

समिट का उद्घाटन 24 फरवरी की सुबह 10 बजे होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी की शाम को ही भोपाल आ जाएंगे। वे छतरपुर में कैंसर हॉस्पिटल का भूमिपूजन करके भोपाल पहुंचेंगे। उनका विमान राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंड होगा। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर के जरिए लाल परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। यहां 3 हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। लाल परेड ग्राउंड से पीएम मोदी राजभवन पहुंचेंगे। यहां से कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में जाकर बीजेपी की बैठक करेंगे। फिर राजभवन में ही रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन समिट स्थल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय जाएंगे। अब तक के प्लान के मुताबिक, पीएम मोदी समिट के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

# कोर्ट मैरिज करने पहुंचे युवक को वकीलों ने पीटा

**न्यूज क्राइम फाइल**

रीवा में कोर्ट मैरिज करने पहुंचे युवक को वकीलों ने जमकर पीटा। वह हिंदू युवती को लेकर एक वकील के चेंबर में पहुंचा था। यहां पहचान उजागर होने के बाद वकीलों ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए मारपीट कर दी। मामला जिला न्यायालय में शुक्रवार शाम का है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवती को जीप से और युवक को स्कूटी पर बैठाकर थाने भिजवाया।

**वकीलों से युवक कर रहा था बहस**

दरअसल, शुक्रवार शाम को कोर्ट में वकीलों की हड़ताल होने की वजह से पहले से ही दलील और बहस का काम ठप पड़ा था। वकील अपने चेंबर में बैठकर पुरानी फाइलें निपटा रहे थे। इसी बीच एक मुस्लिम युवक एक ब्राह्मण लड़की को लेकर एक वकील के चेंबर में जा पहुंचा। वकील ने उसे बताया कि स्टॉम्प पर शादी पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस पर वकीलों से बहस करने लगा।



**आधार कार्ड से पहचान हुई उजागर**

वकीलों को जब शक हुआ तो उन्होंने युवक से उसका आधार कार्ड मांगा। आधार कार्ड देखने पर पता चला कि वह मुस्लिम समुदाय से है। इसके बाद अन्य वकील में वहां पहुंच गए और उसकी पिटाई शुरू कर दी।

**टीआई ने युवक-युवती को भिजवाया थाने**

जिस वक्त युवक की पिटाई हो रही थी। उसी वक्त किसी ने पूरे घटना की सूचना सीएसपी रितु उपाध्याय को दी। सीएसपी ने तत्काल सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू को मौके पर भेजा। टीआई सरकारी गाड़ी छोड़कर स्कूटी लेकर ही वहां पहुंचे। उन्होंने भीड़ से युवक-युवती को बाहर निकाला। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

**तथ्यों के आधार पर होगी कानूनी कार्रवाई**

सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि युवक और युवती शादी करने के लिए कोर्ट परिसर में पहुंचे थे। विवाद की स्थिति बनी तो पुलिस उन्हें थाने लेकर पहुंची है। युवक का मेडिकल कराया जा रहा है। आगे आने वाले तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मैं लगातार किसान संगठनों से मिलता हूं, आज भी मैं यहां से कुरुक्षेत्र जाऊंगा, जहां प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक में शामिल होऊंगा, वहां से चंडीगढ़ जाऊंगा और किसान संगठनों से चर्चा करूंगा।
शिवराज सिंह चौहान-केंद्रीय कृषि मंत्री

## पीएम से मिलीं दिल्ली की सीएम

# मोदी 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लॉन्च कर सकते हैं

**संदीप कुमार सिंह**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के विकास को लेकर पार्टी मैनिफेस्टो और विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक सीएम ने महिला सम्मान योजना 8 मार्च से लागू करने की घोषणा की है। संभवत: पीएम के हाथों इसकी शुरुआत हो सकती है। इधर, दिल्ली में यमुना की सफाई का काम शुरू होने के बाद अब सड़कों पर पड़े कचरे को हटाने का काम शुरू हो गया है। ष्टरू रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को PWD और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी। उन्होंने अफसरों से साफ पानी की सप्लाई, सड़कों की स्थिति और बिजली ठीक करने का निर्देश दिया था। वहीं, दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के दौरान महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन कैबिनेट की पहली मीटिंग में इस पर फैसला क्यों नहीं लिया गया। आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 31 जनवरी को द्वारका में एक चुनावी रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में सम्मान योजना पर मुहर लगाई जाएगी। महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही हैं।



### विधानसभा का सत्र 24 फरवरी से, लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे

दिल्ली में विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 फरवरी तक चलेगा। भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर बनाया जा सकता है। वे निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। इसके अलावा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का भी चुनाव होगा। भाजपा की ओर से विजेंद्र गुप्ता का स्पीकर बनना तय माना जा रहा है। डिप्टी स्पीकर के लिए मोहन सिंह बिष्ट का नाम चर्चा में है।

भाजपा ने कहा है कि 8 मार्च से योजना लागू की जाएगी। गुप्ता ने बताया कि इस सत्र में 25 फरवरी को CAG की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि् क्कसरकार की गलत शराब नीति से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। मंत्री इंद्राज सिंह बोले- वादें पूरे करने के लिए रोडमैप बन रहा दिल्ली के मंत्री रवींद्र इंद्राज सिंह ने शनिवार को कहा कि BJP राजधानी में अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है। उन्होंने कहा- हमारे घोषणापत्र में जो भी काम किए जाने हैं उसके लिए एक रोडमैप तैयार किया जा रहा है। आज दिल्ली के सभी सात मंत्री उन स्थानों पर जाएंगे जहां अभी भी काम बाकी है। इसी बीच पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें दिल्ली में बीजेपी सरकार के प्रयासों की सराहना की गई। वीडियो में कहा गया कि यमुना सफाई का कार्य सरकार के शपथ लेने से पहले ही शुरू हो गया था। मोहल्ला क्लिनिक में आयुर्वेदिक सुविधाएं शामिल की जाएंगी दिल्ली के हेल्थ एंड फैमिली मिनिस्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा- मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर जिस तरह से लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा था, उस पर हमने बैठक में चर्चा की। जो मोहल्ला क्लिनिक दिल्ली सरकार की जमीन पर हैं उन्हें बेहतर बनाने के लिए कन्वर्ट किया जाएगा। उनमें आयुर्वेदिक सुविधाएं शामिल की जाएंगी। हम पिछली सरकार के दौरान हुई सभी गड़बड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

**दौलत राम कॉलेज की प्रिंसिपल ने रेखा गुप्ता से मुलाकात की**

अन्ना हजारे ने केजरीवाल की शराब नीति पर उठाए सवाल सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अच्छा काम कर रहे थे, लेकिन जब उन्होंने शराब की दुकानों को खोलना शुरू किया, तो जनता ने उन्हें इसके लिए कड़ा जवाब दिया। केजरीवाल को समाज के लिए आदर्श बनना चाहिए था लेकिन वह रास्ते से भटक गए।

# शशि थरूर ने राहुल से पूछा- कांग्रेस में मेरा क्या रोल

**न्यूज क्राइम फाइल**

कांग्रेस के सीनियर लीडर और केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने पार्टी नेतृत्व से अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने राहुल गांधी से पूछा, कांग्रेस में मेरा क्या रोल है। शशि थरूर ने 18 फरवरी को दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पार्टी में किनारे किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें संसद के महत्वपूर्ण बहसों में बोलने का मौका नहीं मिलता और पार्टी में उन्हें इग्नोर किया जा रहा है। थरूर ने कहा कि वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर असमंजस में हैं और चाहते हैं कि राहुल गांधी उन्हें उनकी भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से बताएं।

**थरूर बोले- राहुल गांधी ने शिकायतों का कोई समाधान नहीं किया**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल गांधी ने थरूर की शिकायतों का कोई खास जवाब नहीं दिया और न ही उनकी कोई गंभीर समस्याओं को सुलझाया। थरूर को यह महसूस हुआ कि राहुल गांधी इस मामले में कोई भी खास वादा करने को तैयार नहीं थे।



**थरूर को पार्टी से साइडलाइन करने की 2 वजहें...**

पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा की तारीफ की थी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी शशि थरूर से नाराज है क्योंकि उन्होंने पार्टी की आधिकारिक रुख से हटकर थरूर ने कई बयान दिए हैं। 15 फरवरी को थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा की तारीफ की थी जिसे पार्टी के एक ने गलत तरीके से लिया। थरूर ने कहा था। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के कुछ महत्वपूर्ण परिणाम देश के लोगों के लिए अच्छे हैं। मुझे लगता है कि इसमें कुछ सकारात्मक हासिल हुआ है, मैं एक भारतीय के रूप में इसकी सराहना करता हूं। इस मामले में मैंने पूरी तरह से राष्ट्रीय हित में बात की है। केरल सरकार की नीति की तारीफ भी कर चुके हैं थरूर ने LDF सरकार के तहत औद्योगिक नीति की प्रशंसा करने वाले उनके लेख ने केरल कांग्रेस में असंतोष बढ़ा दिया। थरूर ने अपने लेख में यह भी कहा कि केरल भारत के टेक्नोलॉजिकल और इंडस्ट्रियल चेंज का नेतृत्व करते रहने के लिए अच्छी स्थिति में है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल ( म. प्र. ) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 ( प्रति सोमवार को प्रकाशित ) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। ) RNI.NO MPHIN/2015/63623